Email I.D. - eecdupjnagra@gmail.com फोन नं0 0562—2857092

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,
## उत्तर प्रदेश जल निगम, (ग्रामीण), 4/4 संजय प्लेस, आगरा—282002

पत्रांक :— 450/ समाचार पत्र / 8 दिनांक :— 08.05.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : दिनांक 07.05.2026 को यू0पी0 18 न्यूज के ई—ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित समाचार ''आगराः जल जीवन मिशन में सुस्ती पर जिलाधिकारी सख्त, लक्ष्य पूरा न करने वाली कंपनियों को दी कड़ी चेतावनी'' के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 07.05.2026 को यू0पी0 18 न्यूज के ई—ऑनलाइन संस्करण में प्रकाशित समाचार के संबंध में अवगत कराना है कि दिनांक 06.05.2026 को जिला राज्य पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि मै0 एन0सी0सी0—एपको (जे0वी0), आगरा के कार्यों की भौतिक प्रगति 91 प्रतिशत तथा मै0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 के कार्यों की भौतिक प्रगति 49 प्रतिशत है एवं योजनान्तर्गत शेष कार्य प्रगति पर हैं।

बैठक में बताया गया कि पैकेज—1 के अन्तर्गत मै0 एन0सी0सी0—एपको (जे0वी0), आगरा द्वारा 17 नग क्लियर वाटर रिजर्ववायर (CWR) एवं 1767 कि0मी0 राइजिंग मेन बिछाने का कार्य प्रस्तावित है। इसी प्रकार पैकेज—2 के अन्तर्गत मै0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा 407 नग शिरोपरि जलाशयों का निर्माण, 7568 कि0मी0 वितरण प्रणाली तथा 2,96,833 नग गृह जल संयोजन का कार्य प्रस्तावित है।

वर्तमान स्थिति के अनुसार 17 नग सी0डब्ल्यू0आर0 में से 14 नग सी0डब्ल्यू0आर0 के सिविल कार्य पूर्ण कर फिनिशिंग एवं विद्युतध्यांत्रिक कार्य कराए जा रहे हैं तथा शेष 3 नग सी0डब्ल्यू0आर0 के सिविल कार्य आगामी 2 माह में पूर्ण कर लिए जाने की संभावना है। 1767 कि0मी0 राइजिंग मेन हेतु समस्त पाइपलाइन सामग्री की आपूर्ति प्राप्त कर ली गई है तथा 1349 कि0मी0 पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है, शेष कार्य प्रगति पर है।

प्रोजेक्ट मैनेजर, मै0 एन0सी0सी0—एपको (जे0वी0), आगरा द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि वन विभाग एवं एन0एच0ए0आई0 से एन0ओ0सी0 प्राप्त न होने के कारण लगभग 400 कि0मी0 पाइपलाइन लेइंग कार्य प्रभावित हो रहा है। इस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि समस्त एन0ओ0सी0 हेतु आवेदन प्रस्तुत कर दिए गए हैं तथा शीघ्र स्वीकृति प्राप्त करने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि यदि जिला स्तर से किसी विशेष कार्यवाही की आवश्यकता हो तो उसे तत्काल संपादित कराया जाए।

मै0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा 407 नग शिरोपरि जलाशयों के निर्माण के सापेक्ष 396 स्थलों पर कार्य प्रगति पर है, जिनमें 24 नग पर खुदाई कार्य पूर्ण, 129 नग पर पी0सी0सी0 कार्य पूर्ण, 8 नग पर राफ्ट कार्य, 136 नग पर जी0एल0 लेवल तक कार्य, 46 नग पर स्टेजिंग कार्य, 43 नग पर स्लैब कार्य तथा 10 नग पर आर0सी0सी0 डोम कार्य प्रगति पर हैं। इसी प्रकार 7568 कि0मी0 वितरण प्रणाली के सापेक्ष 4220 कि0मी0 तथा 2,96,833 गृह जल संयोजनों के सापेक्ष 1,11,987 संयोजनों का कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं शेष कार्य प्रगति पर है।

कार्य की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त की गई। इस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जे0जे0एम0—2 के दिशा—निर्देशों के अनुसार योजनान्तर्गत समस्त कार्यों को पूर्ण करने की प्रस्तावित तिथि 27 दिसम्बर, 2027 निर्धारित है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा यह भी बताया गया कि मै0 मेघा इंजीनियरिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0 द्वारा एक "माइक्रो प्लान" प्रस्तुत किया गया है, जिसके अनुसार योजना को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने का लक्ष्य रखा गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अद्योहस्ताक्षरी को

निर्देशित किया गया कि प्रस्तुत "माइक्रो प्लान" के सापेक्ष प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा प्रगति योजना के अनुरूप न पाए जाने पर अनुबंध की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा समस्त ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यालयों, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं कम्युनिटी हेल्थ सेंटरों में नल संयोजन सुनिश्चित किए जाने के निर्देश भी दिए गए। साथ ही जल गुणवत्ता परीक्षण हेतु प्रशिक्षित महिलाओं (फील्ड टेस्टिंग किट यूजर) के लंबित प्रोत्साहन भुगतान के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश प्रदान किए गए।

इस संबंध में अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 1841 फील्ड टेस्टिंग किट यूजर महिलाओं के सापेक्ष 1386 महिलाओं को भुगतान किया जा चुका है, जबकि शेष 455 महिलाओं के बैंक खाता विवरण में त्रुटि होने के कारण भुगतान लंबित है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि फील्ड वेरिफिकेशन की कार्यवाही प्रगति पर है तथा शेष महिलाओं का संशोधित विवरण आगामी 15 दिवस में भुगतान हेतु प्रेषित कर दिया जाएगा।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

भवदीय

(अमित कुमार कटियार)
**अधिशासी अभियन्ता**

पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

*प्रतिलिपिः*—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित—

1. जिलाधिकारी, आगरा।
2. मुख्य विकास अधिकारी, आगरा।
3. मुख्य अभियन्ता (आ0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
4. अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), आगरा।
5. अपर जिलाधिकारी (नमामि गंगे), आगरा।
6. जनसूचना अधिकारी, आगरा।
7. सम्पादक, यू0पी0 18 न्यूज, आगरा।

**अधिशासी अभियन्ता**